# संदेश



प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के अवसर पर मेरी ओर से आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि 14 सितम्बर,1949 को संविधान सभा के द्वारा हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया गया है। हमारा यह दायित्व है कि संविधान में निहित राजभाषा की संकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी स्वेच्छा से शासकीय कार्य में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें।

हिंदी के कार्यालयीन कार्य में उत्तरोतर प्रगति के लिए हमारे निगम ने सितम्बर माह में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया और इस दौरान कर्मचारियों में हिन्दी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

इस वर्ष कोविड–19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न अप्रत्याशित संकट की स्थिति के कारण इस दिशा में केंद्र सरकार के दिशा निदेशों का पालन करते हुए सामाजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए सीमित संख्या बल के साथ हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

हिंदी एक सरल, सहज भाषा के साथ–साथ जनसम्पर्क की भाषा भी है। इस विशाल देश को एक सूत्र में बांधने में हिंदी की अहम भूमिका है। आप सभी से मेरा यही आग्रह है कि सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें और इसके विकास में अपना सहयोग दें।

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को पुनः मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

सधन्यवाद।

**(वी. के. सिंह)**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक